दैनिक भास्कर इंडस्ट्रियल इनिशिएटिव



Mumbai • Kolkata • Bengaluru • Indore • Ranchi

PENSOL LUBRICANTS

PENSOL SINCE 1972 An ISO 9001 : 2015 Co.

पेनसॉल का वादा, इंजिन चले ज्यादा

www.pensol.com
www.facebook.com/PensolLubricants
www.twitter.com/PensolLubricants

अवार्ड्स

- राइजिंग ब्रांड ऑफ द ईयर अवार्ड 2017
- न्यू प्रोडक्ट इनोवेशन डेवलपमेंट अवार्ड 2012
- झारखंड सरकार द्वारा सन् 2001 में उद्योग रत्न अवार्ड

# देश का अपना ल्युब्रिकेंट ब्रांड पेनसॉल



## बी इनोवेटिव एंड डू इनोवेटिव

**सन् 1961** में पेनसॉल इंडस्ट्रीज केवल ग्रीस बनाती थी और बाजार सीमित था बिहार तक। आज पेनसॉल भारत के सभी राज्यों में 150 से अधिक प्रोडक्ट्स सप्लाय कर रही है। 1997 में पीथमपुर में मैन्यूफैक्चरिंग शुरू करने के बाद देश के उत्तरी एवं पश्चिमी प्रदेशों में कारोबार का विस्तार हुआ। कंपनी के लिए लांग लाइफ ग्रीस AP-LR 30000 पहला टर्निंग पॉइंट रहा। कंपनी का बिजनेस मंत्र है ग्राहकों की जरूरतें जानो और आरएंडडी से उन्हें पूरा करने वाले क्वालिटी उत्पाद डेवलप करो। ग्राहकों को उत्पाद सही कीमत पर, वेल्यू फॉर मनी के साथ मिले।

पेनसॉल इंडस्ट्रीज के चेयरमेन चतुर्भुज खेमका बताते हैं कि इसके बाद ही हमने इन-हाउस आरएंडडी के लिए वर्ल्ड क्लास सुविधाएं जुटाई। अल्ट्रा सेंसिटिव इंस्ट्रूमेंट्स, स्टेट-ऑफ-द-आर्ट कम्प्यूटराईज्ड एनालाइजर्स एवं स्केनर्स से 21वीं सदी की मशीनों और वाहनों के ल्युब्रिकेंट्स विकसित किए। कंपनी आज 150 से ज्यादा ल्युब्रिकेंट्स और ग्रीस बना रही है।

चतुर्भुज खेमका के साथ चार्टर्ड अकाउंटेंट पुत्र बिनोद खेमका मैनेजिंग डायरेक्टर की हैसियत से अपने अनुज मनोज और संजय खेमका के साथ कंपनी का संचालन कर रहे हैं। बिनोद खेमका फायनेंस पोर्टफोलियो के साथ नॉर्थ और वेस्ट इंडिया की मार्केटिंग देखते हैं। संजय खेमका रांची से ईस्ट और साउथ इंडिया मार्केटिंग का दायित्व संभालते हैं। मनोज खेमका आरएंडडी के साथ प्रोडक्ट मैनेजमेंट देखते हैं। खेमकाज की तीसरी पीढ़ी भी बिजनेस से जुड़ गई है। बिनोद खेमका के पुत्र सौरभ मार्केटिंग, मनोज खेमका के पुत्र कुशल प्लांट और मैन्यूफैक्चरिंग तथा संजय खेमका के पुत्र पुलकित कंपनी के मुम्बई स्थित मुख्यालय से ब्रांडिंग और इंडस्ट्रियल मार्केटिंग संभालते हैं।

### एडवांस तकनीक, हाई क्वालिटी प्रोडक्ट्स

फिनिश्ड प्रोडक्ट्स की रेंडम चेकिंग से क्वालिटी सुनिश्चित नहीं की जा सकती इसलिए कंपनी ने टोटल क्वालिटी मैनेजमेंट प्लान डिजाइन लागू किया। इस प्लान के तहत रॉ-मटेरियल कलेक्शन, प्रोडक्शन प्रोसेस, फिनिश्ड प्रोडक्ट्स की पैकेजिंग तक तीन बार क्वालिटी चेक के बाद ही गुड्स डिस्पेच डिपार्टमेंट में पहुंचते हैं।

संस्थागत ग्राहकों की खरीदी बड़ी होती है एवं वे क्वालिटी से समझौता नहीं करते हैं। वे जानते हैं कि उनके वाहनों/ इक्विपमेंट्स का परफॉरमेंस ल्युब्रिकेंट्स पर निर्भर करता है। अनुपयुक्त ऑइल, ल्युब्रिकेंट्स या ग्रीस का उपयोग हुआ तो वाहन/ इक्विपमेंट झंझटमुक्त लम्बी सेवा नहीं देंगे और गुडविल वाहन निर्माता की प्रभावित होगी। ऑटोमोबाइल निर्माता इसीलिए क्वालिटी चेक के बाद ही ल्युब्रिकेंट्स अप्रूव/ रिकमंड करते हैं। पेनसॉल के दो दर्जन से ज्यादा इंडस्ट्रियल ग्राहक हैं, जिन्होंने कंपनी के उत्पादों को अप्रूव किया है। देश के 29 राज्यों में इंडस्ट्रियल, ऑटोमोबाइल ऑइल्स, स्पेशलिटी ल्युब्रिकेंट्स और ग्रीस की सतत् मांग को पूर्ण करने हेतु कंपनी ने 25 डिपो खोले हैं जहां से 500 से ज्यादा डिस्ट्रीब्यूटर्स को उत्पाद मिलते हैं। 50 फील्ड एक्जीक्यूटिव, 15000 से ज्यादा डीलर्स/ रिटेलर्स राइट प्रोडक्ट-राइट प्राइस के साथ उत्पाद उपलब्ध करवाते हैं।

### फ्यूचर फ्रेंडली एप्रोच

मोनो ग्रेड ऑइल से मल्टीग्रेड ऑइल और अब सिंथेटिक ऑइल तक का सफर तय करने वाली पेनसॉल इंडस्ट्रीज भी फ्यूचर प्रोडक्ट्स डेवलप करने और बनाने के साथ ग्लोबल मार्केट में इंट्री लेने की तैयारी कर रही है। पेनसॉल का लक्ष्य देश के टॉप 5 प्रायवेट ल्युब्रिकेंट्स कंपनियों में शामिल होना है। पेनसॉल पातालगंगा (मुम्बई) में तीसरा स्टेट-ऑफ-द-आर्ट मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट स्थापित कर रही है जो 2018 में एक्टिव हो जाएगा। यहां ग्लोबल व लोकल मार्केट के लिए प्रीमियम/ सिंथेटिक प्रोडक्ट्स बनाए जाएंगे। खेमका परिवार रांची के रियल इस्टेट मार्केट में भी सक्रिय है और रेसिडेंशियल अपार्टमेंट्स बना रहे हैं। संजय खेमका इस बिजनेस को संभाल रहे हैं।

■ **जैसा कि श्री बिनोद खेमका ने प्रकाश बियाणी को बताया।**

### Approved by

VOLVO | Cummins | TVS | Hero | ace cranes | SWARAJ | GREAVES | VST TILLERS & TRACTORS LIMITED | YUKEN | Bharat Fritz Werner Ltd.

## हर जरुरत के लिए स्पेशलिस्ट प्रोडक्ट

*पेनसॉल इंडस्ट्रीज 150 से ज्यादा इंडस्ट्रियल एवं ऑटोमोबाइल ऑइल्स, स्पेशलिटी ल्युब्रिकेंट्स और ग्रीस बना रही है। कंपनी के फ्लेगशिप प्रोडक्ट्स हैं-*

**Diamond EX 36000 Plus**
Approved by- VOLVO & CUMMINS
प्रीमियम हैवी ड्यूटी डीजल इंजिन ऑइल
वॉल्वो, आयशर, अशोक लीलेंड, मान और अन्य ब्रांड्स के हैवी और लाईट कमर्शियल वाहनों और पैसेंजर कार के डीजल इंजिन के लिए।

**AP-LR 30000**
Proprietary Grade
प्रीमियम क्वालिटी मल्टीपरपज ग्रीस
भारत में पहली बार पेनसॉल के आरएंडडी द्वारा विकसित प्रीमियम लांग लाइफ ग्रीस जो हाई लोड में परफार्म करने वाले व्हील और इंडस्ट्रियल बेयरिंग्स हेतु उपयुक्त है।

**Diamond EX 36000**
लांग लाइफ इंजिन ऑइल
अशोक लीलेंड, टाटा मोटर्स, वॉल्वो, मान, आयशर, मारुती, महिंद्रा एंड महिंद्रा, स्कोडा, ह्युंडई ब्रांड वाहनों का इंजिन ऑइल। केटरपिलर, कम्मिन्स, वार्टसिला हाई स्पीड हैवी ड्यूटी इंजिन हेतु भी उपयुक्त।

**PXT Pride 5W-40**
प्रीमियम ग्रेड इंजिन ऑइल
मारुती, टाटा, ह्युंडई, होंडा, टोयोटा, जनरल मोटर्स, महिंद्रा, VW, स्कोडा के पेट्रोल/ डीजल चलित आधुनिक वाहनों के इंजिन के लिए एवं 4 स्ट्रोक बाईक और स्कूटरों के लिए भी उपयुक्त।

**Platinum EX Turbo**
प्रीमियम हैवी ड्यूटी कमर्शियल इंजिन ऑइल
टाटा मोटर्स, अशोक लीलेंड, आयशर, फोर्स मोटर्स, मारुती, स्कोडा, स्वराज माजदा, वॉल्वो, ह्युंडई, टोयाटा आदि के डीजल और पेट्रोल वाहनों के लिए।

**CNG Gold**
CNG & LPG वाहनों का स्पेशलिटी इंजिन ऑइल
CNG & LPG से चलने वाले ट्रक, बस, RTV, ऑटो रिक्शा, टैक्सी, कार, जीप, वेन्स हेतु।

**Diamond Super Plus**
Approved by- VST Tillers & Tractors
प्रीमियम क्वालिटी हैवी ड्यूटी मल्टी ग्रेड इंजिन ऑइल
टाटा, अशोक लीलेंड, महिंद्रा, आयशर, जॉन डियर, स्वराज और अन्य हैवी और लाईट कमर्शियल वाहनों एवं ट्रैक्टर हेतु। हाई पॉवर इंडस्ट्रियल इंजिन व सुपर चार्जड टर्बो डीजल इंजिन हेतु भी उपयुक्त।

**Transload**
Approved by- ACE Cranes
हायड्रॉलिक्स ऑइल
एस्कॉर्ट्स जेसीबी, L&T, टाटा, हिताची, केटरपिलर, ACE के हायड्रॉलिक और सर्कुलेशन सिस्टम वाले ऑन एंड ऑफ हाइवे वाहनों के लिए।

**4ST SN**
एडवांस सिंथेटिकली ब्लेंडेड 4 स्ट्रोक इंजिन ऑइल
हीरो, होंडा, बजाज, TVS, यामाहा और अन्य आयातित 4 स्ट्रोक बाईक्स के लिए।

**Gear TX**
Approved by- Swaraj Tractors
प्रीमियम क्वालिटी मल्टीग्रेड गियर/ट्रांसमिशन ऑइल
टाटा, अशोक लीलेंड, आयशर, वॉल्वो और सभी न्यू जनरेशन वाहन जिनमें मैन्युअल/ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन गियर बॉक्स हैं, के लिए।

**4ST Extra**
Approved by- TVS
मोटर सायकिल इंजिन ऑइल
बजाज, हीरो, होंडा, यामाहा, TVS आदि 4 स्ट्रोक इंजिन वाली मोटर सायकिल और स्कूटर्स हेतु।

**TQX**
ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन फ्लूइड
ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन और पॉवर स्टियरिंग वाले वाहनों हेतु।

अन्य प्रमुख प्रोडक्ट्स | Coolants | Brake Fluids | Refrigeration Oils | Cutting Oils | Gear Oils | Quenching Oils | Ginning / Crusher Grease

### कंपनी के प्रमुख संस्थागत ग्राहक

CAT | usha martin | TATA | ONGC | SAIL | HEC | JK Files & Tools | Mahindra 2 Wheelers



पेनसॉल टॉप मैनेजमेंट (बाएं से) - सर्वश्री संजय खेमका, कुशल खेमका, चतुर्भुज खेमका (चेयरमेन), मनोज खेमका, बिनोद खेमका, पुलकित खेमका व सौरभ खेमका




**भारत के कोने-कोने में फैला पेनसॉल ल्युब्रिकेंट्स का नेटवर्क**

MAKE IN INDIA

## पेनसॉल डिस्ट्रीब्यूटर्स से बातचीत: क्या कहते हैं डिस्ट्रीब्यूटर्स

राइट टाइम
राइट प्रोडक्ट
राइट प्राइस

**पेनसॉल के देश में 500 से ज्यादा डिस्ट्रीब्यूटर्स हैं, इनका कहना है कि कंपनी राइट टाइम पर राइट प्रोडक्ट, राइट प्राइस पर लांच करती है।**

*''विगत 15 सालों से हम पेनसॉल के प्रोडक्ट्स बेच रहे हैं। इनकी क्वालिटी तो हमेशा बेहतर थी ही, कंपनी की मार्केट-सर्विस भी अति उत्तम है।''*
■ श्री मनीष भम्भानी, **गिरनार स्पेयर एंड ल्युब्रिकेंट्स प्रा.लि.**, इन्दौर (म.प्र.)

*''विगत 16-17 सालों से हम पेनसॉल के डिस्ट्रीब्यूटर हैं। अच्छी क्वालिटी के साथ प्रतिस्पर्धी प्राइसिंग पेनसॉल की पॉलिसी है। वन टाइम यूज के अनुरुप पैकेजिंग पेनसॉल की विशेषता है। इससे वेस्टेज नहीं होता और ग्राहक का पैसा बचता है।''*
■ श्री त्रिलोकचंद, **सुपर मोटर स्टोर्स**, अहमदाबाद (गुजरात)

*''सन् 2004 से 400 से 500 डीलर्स के जरिए हम पेनसॉल के प्रोडक्ट्स बेच रहे हैं। एक बार जो इन्हें इस्तेमाल करता है वह रेग्यूलर कस्टमर बन जाता है।''*
■ श्री जगदीश प्रसाद गुप्ता, **बंसल ऑटो स्टोर**, जयपुर (राजस्थान)

*''हमारे मार्केटिंग नेटवर्क में 100 से ज्यादा डीलर्स हैं। पेनसॉल ने क्वालिटी से समझौता किए बिना वाजिब मूल्य पर ल्युब्रिकेंट्स और ग्रीस उपलब्ध करवाए हैं।''*
■ श्री जगमोहन गुप्ता, **बी.के. इंटरप्राइजेस**, लुधियाना (पंजाब)

*''14 साल से 150 डीलर्स के नेटवर्क से हम पेनसॉल के ऑइल/ ल्युब्रिकेंट्स और ग्रीस बेच रहे हैं। ब्रांड की गुडविल है। यूरो-4 वाहन आए तो उनके ऑइल की मांग शुरु होने के पहले पेनसॉल के प्रोडक्ट्स आ गए।''*
■ श्री विकास निझवान, **राज ट्रेडर्स**, सुंदरनगर (हिमाचल प्रदेश)

*''पेनसॉल के हम 6 सालों से डिस्ट्रीब्यूटर हैं। इसका AP-LR 30000 ग्रीस मार्केट लीडर है। पेनसॉल की ल्युब्रिकेंट्स की रेंज सम्पूर्ण है। न्यू एज वाहनों हेतु कंपनी सिंथेटिक ऑइल बनाने लगी है तो इसके ट्रैक्टर ऑइल भी लोकप्रिय हैं।''*
■ श्री अजय सांघी, **ए.ई. ट्रेडलिंक्स**, नागपुर (महाराष्ट्र)

*''हर किस्म के वाहन के इंजिन, ब्रेक व गियर ऑइल की बड़ी रेंज और राइट प्राइस पेनसॉल की स्ट्रेंथ है। 250 डीलर्स और उनके ग्राहक प्रोडक्ट्स से संतुष्ट हैं।''*
■ श्री संजय गर्ग, **यूनाईटेड ऑटोमोबाइल्स**, करनाल (हरियाणा)



## फ्लोरीकल्चर उद्योग में खेमका परिवार के अरूण खेमका

नेचर के नजदीक रहने की मंशा से सन् 2011 में अरूण खेमका ने फूलों की खेती शुरु की। जन्मजात उद्यमी होने से आज वे 25 एकड़ भूमि पर फूलों की हाईटेक खेती कर रहे हैं। उनके पोलीहाउस में गुलाब और जरबेरा फ्लॉवर पैदा होते हैं। झारखंड और कोलकाता में इनकी बिक्री हो रही है। फ्लोरीकल्चर उद्योग में उन्होंने ऐसी निपुणता हासिल कर ली है कि पोलीहाउस के टर्न-की प्रोजेक्ट भी पूरे करने लगे हैं। उनका साथ सुपुत्र आयुष खेमका बखूबी निभा रहे हैं। श्री खेमका वनबन्धु परिषद झारखंड के अध्यक्ष और लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रह चुके हैं। फिलहाल एकल अभियान एवं एकल फाउंडेशन के वे ट्रस्टी हैं। श्री खेमका कहते हैं कि वैश्य का कर्म धनोपार्जन और धर्म है- समाज के साथ जरूरतमंदों की सेवा।

## मजबूत विरासत: सिंगल से सेंचुरी प्लस प्रोडक्ट्स



स्व. बाबूलालजी खेमका

**सन् 1901** के आसपास चुरू (राजस्थान) से बैजनाथ खेमका व्यापार करने रांची (झारखंड) पहुंचे। बैजनाथ खेमका के तीन पुत्रों में से एक बाबूलाल खेमका ने सन् 1941 में केरोसिन एजेंसी ली। वे और उनके पुत्र चतुर्भुज खेमका पेनसॉल इंडस्ट्रीज के संस्थापक हैं। सन् 1960 में सेंट जेवियर कॉलेज से बी.कॉम. की डिग्री लेने के बाद चतुर्भुज खेमका ने निर्माणाधीन हटिया बांध को कंस्ट्रक्शन मटेरियल सप्लाई किया, पर चाह थी मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में इंट्री लेना। उद्योग स्थापना का अनुभव और सीड केपिटल का अभाव था। उन दिनों ग्रीस छोटे पैकेटों में काफी बिकती थी उसी तर्ज पर चतुर्भुज खेमका ने एक छोटे से कमरे में पैकेट ग्रीस बनाने से शुरूआत की तथा प्रोडक्ट का नामकरण किया- **पेनसॉल**। चतुर्भुज खेमका के ज्येष्ठ पुत्र अरुण खेमका पिता के कारोबारी सहयोगी बने तो उन्होंने ग्रीस मैन्यूफैक्चरिंग प्रोसेस का मशीनीकरण किया।

मार्केट का विस्तार करने के लिए पेनसॉल भारतीय रेलवे एवं भारतीय सेना को ग्रीस/ऑइल सप्लाई करने लगा। चतुर्भुज खेमका कहते हैं कि आर्थिक प्रतिबंधों के दौर में जरूरत के अनुरूप ग्रीस का बेस ऑइल जुटाना मुश्किल था। इंडियन ऑइल से लायसेंस-परमिट होने पर ही बेस ऑइल मिलता था।

1991 में आर्थिक उदारीकरण के बाद दुनिया की दिग्गज ऑटोमोबाइल कंपनियों ने देश में इंट्री ली। भारतीय कंपनियों ने भी नई-नई तकनीक के वाहन बनाना शुरु किए। ग्रीस और ऑटोमोबाइल ऑइल्स उद्योग भी बहुराष्ट्रीय कंपनियों हेतु खुल गया। 1995 में उन्होंने पेनसॉल को लिमिटेड कंपनी बनाया- **पेनसॉल इंडस्ट्रीज लिमिटेड**। इसके बाद कंपनी ने प्रत्येक राज्य में डिपो खोलना शुरु किया। सन् 1997 में पीथमपुर (मध्यप्रदेश) में एक और मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट स्थापित की। आरएंडडी सुविधा जुटाई और लांग लाइफ ग्रीस AP-LR 30000 डेवलप किया जो टर्निंग पॉइंट साबित हुआ।

चतुर्भुज खेमका ने इंडस्ट्रियल/ ऑटोमोबाइल ऑइल्स, स्पेशिलिटी ल्युब्रिकेंट्स भी बनाने का निर्णय लिया। पहली पीढ़ी के अनुभव और दूसरी पीढ़ी की तकनीकी समझ से कॉटेज इंडस्ट्री में सिंगल प्रोडक्ट ग्रीस से स्थापित पेनसॉल इंडस्ट्रीज आज 150 से ज्यादा प्रकार के ऑइल्स, स्पेशलिटी ल्युब्रिकेंट्स और ग्रीस बना रही है।



पीथमपुर, इन्दौर (मध्यप्रदेश) प्लांट

## कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी

चतुर्भुज खेमका का कहना है कि अपने हर बिजनेस पार्टनर- डिस्ट्रीब्यूटर्स/ डीलर्स और कर्मचारी की वाजिब केयर कंसर्न भी सीएसआर है। सबसे बड़ा सामाजिक सरोकार है- लोगों को रोजगार उपलब्ध करवाना। पेनसॉल इंडस्ट्रीज ने 210 लोगों को प्रत्यक्ष तो हजारों लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध करवाया है।

चतुर्भुज खेमका सेवा भारती, रांची गौशाला, जायन्ट्स इंटरनेशनल में विभिन्न पदों पर सक्रिय हैं। बिनोद, मनोज एवं संजय खेमका विभिन्न सामाजिक/ धार्मिक संस्थाओं में सक्रिय योगदान दे रहे हैं।